# वर्कशॉप-गाइड

( हिन्दी में वर्कशॉप सम्बन्धी मशीनरी की उपयुक्त पुस्तक )

लेखक :-
शुभकरन लाल श्रीवास्तव,
गोरखपुर ।

प्राप्ति स्थान--
बम्बई बुक डिपो,
१६१ । १ हरीसन रोड
कलकत्ता ७ ।

# वर्कशॉप-गाइड

(हिन्दी में वर्कशॉप सम्बन्धी मशीनरी की उपयुक्त पुस्तक,


लेखक :—

शुभकरन लाल श्रीवास्तव,

गोरखपुर।



प्राप्ति स्थान—

बम्बई बुक डिपो,

१६५।१ हरीसन रोड

कलकत्ता ७।

प्रकाशक—
कल्याणदास एण्ड ब्रदर्स,
बड़े महाराज का मन्दिर
बनारस १।



मूल्य २॥)

मुद्रक:—
पन्नालाल गोयनका
श्री भारती प्रेस
२८, बांसतल्ला गली,
कलकत्ता।

# भूमिका

आज कल हर एक मनुष्य दूसरे से अच्छी दशा में रहना चाहता है। मैं इसका कारण साधारणतया यह समझता हूं कि उसे दूसरे को अपने से अच्छी दशा में रहते हुए अथवा उन्नति करते हुये देख कर ईर्ष्या उत्पन्न हो गई है। वह चाहता है घटियापन का छोटे से छोटे भाव भी उसके मन से निकल जाय। अपने से कम योग्यता वाले के साथ कोई प्रतियोग्यता या ईर्ष्या नहीं रखता, ईर्ष्या और प्रतियोग्यता को व्यापकता एक के अच्छी दशा में रहने से और दूसरे के हीन दशा में रहने के कारण से है।

मनुष्यत्व की इस उखड़ी हुई सभा मे कहीं कहीं उन्नति की भी चर्चा हो रही है। यह स्पष्ट समझ में नहीं आता, कैसी उन्नति, किसकी उन्नति ? उन्नति करने के लिये यह आवश्यक है कि हम पहले वहाँ आजायँ जहाँ हम थे। अभी हम वहाँ से दूर हैं जहाँ से आगे बढ़ने वाला उन्नति करने वाला समझा जाता है। जिस दशा में हम हैं उसमें उन्नति करने अथवा कराने से द्वेष और प्रतिद्वन्दिता की ही उन्नति हो सकती है। क्योंकि हम में, एक दूसरे के आगे बढ़ते हुए देखकर प्रसन्न होने की क्षमता और सहिष्णुता नहीं है।

आज केवल कारखानों के ही तरफ दृष्टी डालिये और वहाँ के मजदूरों की दशा पर ध्यान दीजिये तो आप को स्पष्ट रूप से विदित हो जायेगा कि इन लोगों में कितना ईर्ष्या द्वेष तथा असमानतायें है जिससे वे सुसंगठित न होने के कारण सर्वदा दुःखी रहा करते हैं तथा मिल मालिक उनपर नाजायज दबाव डालकर मन माना काम लेते हैं और बेचारे मजदूर उस असह्य कार्य्य को भी शान्ति पूर्वक सहन करते हैं।

इन लोगों में यहाँ तक ईर्ष्या है कि, कितने हाव भाव के आॅपरेन्टिस लोग आॅपरेटर के पास काम सीखने को जाते हैं,

उनके अन्दर काम सीखने की कितनी लालसा होती है कि वे आपरेटर के प्रत्येक आज्ञा का पालन करने को सर्वदा तत्पर रहते हैं। परन्तु ऑपरेटर प्रथम तो काम सिखाना पाप समझते हैं, और यदि अधिक खुशामद के पश्चात बतलाने को तैयार हुए तो ऐसा अनाट सनाट बताते रहते हैं कि आप रेन्टिस के समक्ष में कुछ आता ही नही। यदि संयोगवश कोई अच्छा ऑपरेटर मिल गया तो आपरेन्टिस को ठीक मार्ग बतलाना चाहा तो दूसरे ऑपरेटर उससे ईर्ष्या द्वेष करने लगते हैं और उसे हर प्रकार से हानि पहुंचाने का प्रयत्न किया करते हैं। जब ऑप-रेन्टिस अपने ऑपरेटर द्वारा काम सीखने से निराश हो जाते हैं तब वे अपना अधिक रुपया व्यय कर बाहर से पुस्तकें मंगाते हैं। परन्तु वे सभी पुस्तके अङ्गरेजी भाषा में होने तथा अपने अन्दर अङ्ग्रेजी की विशेष योग्यता न होने से वे सभी रुपया व्यर्थ जाता है इस तरह आपरेन्टिस को दोहरी हानियां उठानी पड़ती है। पहले अमूल्य समय नष्ट हुआ दूसरे रुपया व्यथ गया।

आज इसी कठिनाई को दूर करने का ध्यान करते हुए प्रस्तुत पुस्तक के निकालने का प्रयास किया गया है। मुझसे जहां तक सम्भव हो सका है इस पुस्तक को सर्वाङ्ग पूर्ण बनाने की चेष्टा किया है। इसके हर एक हिसाब को विस्तृत रूपसे इस ढंग से लिखा गया है जिसे हर एक मनुष्य अच्छी प्रकार समझ सके। अब तक इस विषय पर जितनी भी पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं वे एक न एक दृष्टी से न्यून हैं। अतः इसी कमी को पूरा करने की दृष्टी से इस पुस्तक को सज्जनों के समक्ष उपस्थित किया है। मैं स्वयम् अधिक प्रशंसा करना नही चाहता। इस पुस्तक के अध्ययन से ही प्रिय सज्जनों को विदित हो जावेगा कि यह पुस्तक कैसी उपयोगी बनी है। यदि मेरे प्यारे भाई इस पुस्तक द्वारा कुछ भी लाभ उठायेंगे तो मैं अपने परिश्रम को सफल समझूंगा।

एस० के० एल० श्रीवास्तव

# अनुक्रमणिका


| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| (१) फाइल | १ |
| (२) डिवाइडर | ३ |
| (३) आरमोफ्रोडाइट कैलिपर | ४ |
| (४) इनसाइज और आउटसाइज कैलिपर | ५ |
| (५) मारकिन टेवुल | ७ |
| (६) स्केल | ६ |
| (७) भरनियर कैलिपर | ११ |
| (८) माइक्रोमीटर | १२ |
| (६) ज्यूमिट्रिकल ड्राइङ्ग | १५ |

—::—

| | |
|---|---|
| (१) मशीन ( आवश्यक सूचना ) | २५ |
| (२) टूल | २७ |
| (३) टरनिंग ( लेद ) | २६ |
| (४) थ्रेड ( चूड़ी , काटने का हिसाब | ३० |
| (५) चूड़ी ( थ्रेड ) बनाने का टेवुल | ४८ |
| (६) टेपर जौब का हिसाब | ५२ |
| (७) विदवर्द स्टेन्डर्ड स्क्रू बोल्ट और नट | ५५ |
| (८) पाइप की चूड़ी ( थ्रेड ) | ५६ |
| (६) वी थ्रेड ( चूडी ) के गहराइ का हिसाब | ५७ |
| (१०) कई मुँह की चूड़ी बनाने का हिसाब | |

:—:

(१) यूनिवर्शल मीलिंग ६०

(२) गेयर के भाग ६१

(३) डाइमेट्रल पिच् (डी० पी०) ६२

(४) सरकुलर पिच् (सी०पी० ६४

(५) पिच् डाइमेटर ६६

(६) आउट साइड डाइमेटर ६७

(७ गेयर के दांतों की संख्या ६६

(८) गेयर के दांतों को पूरी गहराई ७१

(६) अडेन्डम और डीडेन्डम ७२

(१०) क्लियरेन्स ७४

(११) टूथ थिकनेस ७५

(१२) स्पर गेयर के लिये लाभ दायक फारमूला ७७

(१३) गेयर के दांत बनाने के लिये कटर का नम्बर ७६

(१४) डिवाइडिङ्ग हेड ८१

(१५) इन्डेक्सिग प्लेट का हिसाब ८१

(१६) साधारण दांत बनाने का टेवुल ८५

(१७) डिफ्रेन्सियल इनडेक्सिग द्वारा गेयर वनाने का टेबुल ८८

(१८) स्पायर्ल गेयर का हिसाब ६३

(१६) स्पायर्ल गेयर के लिये लाभदायक फारमूला ६६

(२०) स्पायर्ल गेयर के लिये गेयर बांधने का टेवुल १००

) स्पायर्ल गेयर का डाइमेट्रल पिच् ११६

स्पायर्ल गेयर के लिये कटर का नम्बर ११७

| | |
|---|---|
| (२३) एंगिल का नेचुरल सेकेन्ट और को सेकेन्ट | ११६ |
| (२४) स्पायर्ल एंगिल | १२५ |
| (२५) एंगिलमालुमकरनेकेलियेनेचुरलटेन्जेन्ट औरकोटेन्जेन्ट | १२८ |
| (२६) स्पायर्ल लीड | १३२ |
| (२७) ट्विस्ट ड्रिल का भाग | १३५ |
| (२८) ट्विस्ट ड्रिल बनानेका टेबुल | १३६ |
| (२६) कीवे ( चाभी घाट ) का हिसाब | १३७ |
| (१) हॉबिंग | १३८ |
| (२) हॉबिंग द्वारा गेयर बनाने का विधि | १४० |
| (३) स्पर गेयर के लिये गेयर बांधने का टेबुल | १४४ |
| (१) ग्राइन्डिंग | १४८ |
| (२) व्हील थिकनेस और स्पिन्डल के डाइमेटर का टेबुल | १४६ |
| (३) एक मिनट में व्हील के स्पीड का सरकुमफ्रेन्स | १५० |

---

# शुद्धिपत्र

| अशुद्ध | शुद्ध | पंक्ति | पृष्ठसं० |
|---|---|---|---|
| ( ०।२५" ) | (.१२५") | ५ | ११ |
| .७०५ | .०७५ | | |
| १००० | १००० | १५ | १३ |
| ,, | ,, | १६ | ,, |
| .७३६३ | .७६५५ | १४ | १४ |
| .८५६३ | .८२८१ | १६ | १४ |
| ( भुजा साइड )×२-४×८० | ( भुजा×२-४)×६० | ३ | २४ |
| वना | बनाना | ५ | २४ |
| अत्यावश्यक | अन्यावश्यक | २ | २६ |
| हेपर | टेपर | नोटमें | ५४ |
| दांतोंकी संख्या×सी०पी० | दांतोंकीसंख्या×सी०पी | ३ | ८० |



| अशुद्ध | शुद्ध | पंक्ति | पृष्ठसं० |
|---|---|---|---|
| टथ | टूथ | १४ | ८० |
| हेल | हेड | हेडिंग | ८१ |
| इन्डेकिंग | इन्डेक्सिग | १ | ८१ |
| सेन्डल | स्पिन्डल | कालम ७ | ६१ |
| स्पायल | स्पायलें | १० | ६३ |
| माइडस्क्रू | गाइड स्क्रू | ११ | ६३ |
| भासाइन | कोसाइन | ३ | ६६ |
| २५ / ७६६१³ | २५ / .७६६१³ | १५ | ११७ |
| स्पायनलें | स्पायलें | हेडिंग | १३२ |
| एडन्ड | राउन्ड | १० | १४० |

# वर्कशाप गाइड

—:०:—

## फाइल

नाइफ फाइल

सात प्रकार की फाइलें होती हैं। फ्लाट फाइल, स्क्वायर फाइल पिल्लर फाइल, राउन्ड फाइल, हाफ राउन्ड फाइल, ट्रेंगुलर फाइल तथा नाइफ फ़ाइल।

इन प्रत्येक फाइल की चार जाति होती हैं। रफ फाइल, स्मूथ फाइल, सेकन्ड कट स्मूथ फाइल, तथा डीड स्मूथ फाइल।

प्रयोगविधि—जाबमें से आधा सूत या अधिक माल निकालने के लिये रफ फाइल, $\frac{१}{३२}$ इंच माल निकालने के लिये सेकेन्डकट स्मूथ फाइल, $\frac{१}{६४}$ इंच माल निकालनेके लिये स्मूथ फाइल तथा $\frac{१}{६४}$ इंच से कम माल निकालने के लिये डीड स्मूथ फाइल प्रयोग करते हैं।

फाइल के नमूने पेज नं० १ और २ में दिये गये हैं।

———

# डिवाइडर

डिवाडर वह औजार [ इन्सट्रूमेन्ट ] है जिसके द्वारा किसी रेखा ( लाइन ) के भाग किये जाते है तथा वृत ( सरकिल ) खींचे जाते हैं। जैसा की ऊपर चित्र नं० ३ में दिये गये है।

# आरमो प्रोडाइट कैलिपर

आरमोप्रोडाइट कैलिपर वह कैलिपर है जिसके द्वारा किसी जाब पर समानान्तर रेखा ( पैरलल लाइन ) खींचते तथा जाबका केन्द्र ( सेन्टर ) ग्यात करते हैं। जैसा की ऊपरके नकशे नं० ४ में दिये गये हैं।

इनसाइज और आउट साइज कैलिपर
( इनसाइज कैलियर )
( आउट साइज कैलियर)
(५)

*इनसाइज कैलिपर*—इन साइज कैलिपर वह कैलिपर है जिसके द्वारा किसी जाब के अन्दरूनी भाग का नाप ( साइज ) ग्यात करते हैं। जैसे की नकशा नं० ५ में दिया गया है।

*आउट साइज कैलिपर*—आउट साइज कैलिपर वह कैलिपर है जिसके द्वारा जाब के बाहरी हिस्सेका नाप ( साइज ) मालुम करते हैं। जैसा नकशा नं० ५ में दिया गया है।

*प्रयोग बिधि*—कैलिपर द्वारा किसी जाब का नाप इस प्रकार लेना चाहिये ताकी जिस जाब को नापना हो उस से और कैलि-पर के दोनों सिरे से जरा जरा लगता हुआ मालुम देवे। कैलिपर से स्केलका नाप लेते समय स्केल के सिरे परसे एक इंच छोड़कर नाप लेना चाहिये। *क्योंकि प्रायः स्केल का सिरा घिस जाया* करता है इसीसे सिरे परसे नाप लेने से कभी कभी नाप गलत भी हो जाया करता है। कैलिपर के दोनो सिरे पर टेम्पर होना अत्या-वश्यक है दूरी बढ़ाने के लिये कैलिपर के जोड़पर और घटाने के लिये फ्रेम के बाहरी तरफ ठोकना चाहिये।

# मारकिन टेबुल

(६)

१ मारकिन टेबुल, २ डायलगेज, ३ सरफेसगेज ( मारकिन बुलाक ), ४ ट्राईस्क्वायर ( गोनिया ), ५ सेन्टर पंच, ६ व्ही बुलाक।

*सरफेसगेज*—इसके द्वारा जाब की नीचाई ऊँचाई मालुम करते हैं। जाब पर समान्तर रेखा ( पैरलल लाइन ) खींचते तथा केन्द्र ( सेन्टर ) मालुम करते हैं।

*डायलगेज*—डायलगेज भी मारकिन बुलाक की तरह होता है परन्तु मारकिन बुलाक में घड़ी नहीं होती और

में घड़ी होती है जो जाब के $\frac{१}{१०००}$ इं० (.००१") की नीचाई ऊंचाई को सरलता पूर्वक ठीक २ बतलाती है।

*ट्राईस्क्वायर ( गोनिया )*—ट्राइस्क्वायर ( गोनिया ) लोहे अथवा लकड़ी के दो प्लेटो द्वारा मिलकर ९० नब्बे अंश में बना होता है। जिसके द्वारा मालुम किया जाता है कि जाब नब्बे अंश बना है या नहीं।

*एंगिल प्रोटक्टर*—( बेवुल गोनिया )—एंगुल प्रोटक्टर द्वारा जाब का कोण ( एंगिल ) नापते हैं, तथा धरातल ( सरफेस ) की नीचाई ऊंचाई मालुम करते हैं।

*प्लगगेज*—प्लगगेज द्वारा जाब के बोर का सही नाप मालुम करते हैं। इसका एक सिरा ठीक साइज ( नाप ) का बना हुआ होता है और दूसरा सिरा (.००२") नाप से बड़ा होता है।

*फीलरगेज*—फील्हरगेज में अधिकांश बारीक बारीक पत्तियां लगी रहती हैं जो क्रमशः एक दूसरे से (.००१") या (.००२") मोटी होती हैं। इसके द्वारा दो जाबों के बीच का अन्तर मालुम करते हैं।

*थ्रेडगेज*—थ्रेडगेज में बहुत सी पत्तियां लगी रहती हैं। हर एक पत्तियों में भिन्न भिन्न थ्रेड साइज के दांते कटे रहते हैं। जिसे स्क्रीव के वास्तविक थ्रेड पर रख कर यह मालूम करते हैं कि एक इंच में कितनी चूड़ियां ( थ्रेड ) कटे हैं।

# स्केल

स्केल के एक इंच में आठ से लेकर चौसठ खाने तक होते हैं। एक इंच के आठ खाने मे से एक खाने को एक सूत अथवा $\frac{1}{8}$ इंच कहते हैं। इस तरह एक इंच बराबर हुआ आठ सूत के। ज्यों ज्यों बारीक वस्तुओं के नापने की आवश्यकता पड़ने लगी त्यों त्यों इंच में अधिक से अधिक खाने किये गये जहाँ तक की हो सके। जैसे एक सूत को दो बराबर भागों में बांट दिया तो एक इंच मे सोलह खाने हो गये अब इसके एक खाने को $\frac{1}{16}$ इंच अथवा एक सोलह कहते है। फिर $\frac{1}{16}$ इंच का भी दो भाग कर दिये तो एक इंच मे बत्तिस भाग हो गये। अब इसके एक खाने को एक बत्तिस अथवा $\frac{1}{32}$ इंच कहते है। फिर $\frac{1}{32}$ इंच को भी दो बराबर भागों में बांट दिया तो एक इंच बराबर हो गया चौसठ खाने के अब इसके एक खाने को $\frac{1}{64}$ इंच या एक चौसठ कहते हैं।

## पैमाना

आठ सूत=एक इंच, १२ इंच=एक फिट, ३ फिट=एक गज, २२०गज=१ फरलांग, ८ फरलांग=एक मील।

# स्केलका नाप

| इंचमें | | इंचमें | | इंचमें | |
|---|---|---|---|---|---|
| १।८ | एक सूत | १५।३२ | पंद्रह ३२ | २९।६४ | उनतीस ६४ |
| १।४ | दो सूत | १७।३२ | सतरह ,, | ३१।६४ | एकतीस ,, |
| ३।८ | तीन सूत | १९।३२ | उनीस ,, | ३३।६४ | तेतीस ,, |
| १।२ | चार सूत | २१।३२ | एकीस ,, | ३५।६४ | पैंतिस ,, |
| ५।८ | पांच सूत | २३।३२ | तेइस ,, | ३७।६४ | सैंतीस ,, |
| ३।४ | छ सूत | २५।३२ | पचीस ,, | ३९।६४ | उनतालीस ,, |
| ७।८ | सात सूत | २७।३२ | सताइस,, | ४१।६४ | एकतालीस ,, |
| १" | एक इञ्च | २९।३२ | उनतीस,, | ४३।६४ | तैंतालीस ,, |
| १।१६ | एक सोलह | ३१।३२ | एकतीस,, | ४५।६४ | पंतालीस ,, |
| ३।१६ | तीन ,, | १।६४ | एकचौसठ | ४७।६४ | संतालीस ,, |
| ५।१६ | पांच ,, | ३।६४ | तीन ,, | ४९।६४ | उनचास ,, |
| ७।१६ | सात ,, | ५।६४ | पांच ,, | ५१।६४ | एकावन ,, |
| ९।१६ | नौ ,, | ७।६४ | सात ,, | ५३।६४ | तीरपन , |
| ११।१६ | ग्यारह ,, | ९।६४ | नौ ,, | ५५।६४ | पचपन ,, |
| १३।१६ | तेरह ,, | ११।६४ | ग्यारह ,, | ५७।६४ | सतावन ,, |
| १५।१६ | पंद्रह ,, | १३।६४ | तेरह ,, | ५९।६४ | उनसठ ,, |
| १।३२ | एकबत्तिस | १५।६४ | पंद्रह ,, | ६१।६४ | एकसठ ,, |
| ३।३२ | तीन ,, | १७।६४ | सतरह ,, | ६३।६४ | तीरसठ ,, |
| ५।३२ | पांच ,, | १९।६४ | उनीस ,, | १ १/४ | सवा इञ्च ,, |
| ७।३२ | सात ,, | २१।६४ | एकीस ,, | १ ३/४ | पवने दो ,, |
| ९।३२ | नौ ,, | २३।६४ | तेइस ,, | २ ७/१६ | दोइंचसातसोलह |
| [illegible]।३२ | ग्यारह ,, | २५।६४ | पचीस ,, | ३ १/२ | साढ़ेतीनइञ्च , |
| [illegible]।३२ | तेरह ,, | २७।६४ | सताइस,, | ४ १/४ | सवाचार इञ्च |

# भरनियर कैलिपर

भरनियर कैलिपर द्वारा जाब का इन साइज ( अन्दर का नाप ) और आउटसाइज ( बाहरी नाप ) दोनों नापा जाता है। इसके एक इंच में दस बड़े बड़े खाने होते हैं और इस प्रत्येक बड़े खाने में चार चार खाने होते हैं इस तरह एक इंच में चालिस खाने होते हैं। जिसका हर एक खाना बराबर होता है ( .०१२५" ) के।

# माइक्रोमीटर

(८)

१ एनविल, २ स्पिन्डल, ३ फरेम, ४ होल्ड नट, ५ वैरल, ६ थम्बुल, ७ रेचिट।

माइक्रोमीटर द्वारा जाब का आउटसाइड (वाहरी भाग) नापा जाता है। इसके एक इंच में हजार व लाख खाने होते हैं जिसके फलस्वरूप से इंच का हज़ारवा या लाखवां भाग का अन्तर सरलतापूर्वक मालुम हो जाता है।

माइक्रोमीटर के स्पिन्डल में चालिस थ्रेड (चूड़ी) होते हैं। वैरल के एक इंच में दस बड़े बड़े खाने होते हैं। और इन प्रत्येक बड़े खाने में चार खाने होते हैं। इस तरह वैरल के पूरे एक इंचमें चालिस भाग होते हैं। थम्बुल के पूरे एक राउन्ड में पच्चिस खाने ...ने हैं। थम्बुल का एक खाना (.००१") या $\frac{1}{1000}$ इंच के बराबर ...। इसलिये थम्बुल का एक भाग हटाने से एक इंच का

हज़ारवां भाग यानी .००१ या $\frac{1}{1000}$ इंच हटता है। इसी तरह थम्बुल को एक चक्कर घुमाने से स्पिन्डल .०२५" यानी बैरल के एक छोटे निसान के बराबर हटता है। इसलिये बैरल का एक छोटा खाना .०२५" के बराबर हुआ।

यदि थम्बुल को बाएं तरफ दो चक्कर पाच निसान तक घुमाया जावे तो .०५५" खुलेगा जिसे लोग आम भाषा में ५५ हजार कहा करते हैं। यदि बैरल के पाच छोटे निसान को खोला जायँ तो बराबर होगा .२५×५=.१२५ इंच के जिसे एक सौ पचीस हज़ार कहा करते हैं। माइक्रोमीटर में जितना खुले उसे यदि दशमलव ( डिसमल ) में लिखना हो तो जितना खुला हो उतना बटा हज़ार लिखना चाहिये। जैसे मान लिया कि पचहत्तर हज़ार खुला है। इसलिये $\frac{75}{1000}$ कर दिया अब एक के सामने दशमलव( डिसमल या प्वाइन्ट ) रख दिया जैसे $\frac{.75}{1.000}$ हो गया अब नीचे ऊपर बराबर संख्या बनाने के लिये ऊपर एक सुन्य रख दिया तो अब $\frac{.075}{1.000}$ हो गया नीचे की संख्या यानी हज़ार को निकाल दिया तो $\frac{.075}{1.000}$ बच गया इसलिये पचहत्तर हज़ार बराबर हुआ .०७५ इंच के। इसी तरह यदि पांच हज़ार लिखना हो तो $\frac{5}{1000}$ कर दिया फिर ऊपर के क्रियानुसार $\frac{.005}{1.000}$ हो गया। हज़ार को निकाल दिया इसलिये पांच हजार बराबर हो गया .००५ इंच के। यदि पांच सौ हज़ार लिखना हो तो $\frac{.500}{1.000}$ हो गया फिर हज़ार को निकाल दिया तो .५०० हो गया इसलिये पांच बराबर हो गया .५०० इंच के।

# माइक्रोमीटर का नाप

| इंच में | इन्च में | इंच में | इन्च में | इंच में | इन्च में |
|---|---|---|---|---|---|
| १/८ | ·१२५ | १३/३२ | ·४०६२ | २३/६४ | ·३५९३ |
| १/४ | ·२५० | १५/३२ | ·४६८७ | २५/३२ | ·३९०६ |
| ३/८ | ·३७५ | १७/३२ | ·५३१२ | २७/३२ | ·४२१८ |
| १/२ | ·५०० | १९/३२ | ·५९३७ | २९/६४ | ·४५३१ |
| ५/८ | ·६२५ | २१/३२ | ·६५६२ | ३१/६४ | ·४८४३ |
| ३/४ | ·७५० | २३/३२ | ·७१८७ | ३३/६४ | ·५१५६ |
| ७/८ | ·८७५० | २५/३२ | ·७८१२ | ३५/६४ | ·५४६ |
| १/१६ | ·०६२५ | २७/३२ | ·८४३७ | ३७/६४ | ·५७८१ |
| ३/१६ | ·१८७५ | २९/३२ | ·९०६२ | ३९/६४ | ·६०९३ |
| ५/१६ | ·३१२५ | ३१/३२ | ·९६८७ | ४१/६४ | ·६४०६ |
| ७/१६ | ·४३७५ | १/६४ | ·०१५६ | ४३/६४ | ·६७१८ |
| ९/१६ | ·५६२५ | ३/६४ | ·०४६८ | ४५/६४ | ·७०३१ |
| ११/१६ | ·६८७५ | ५/६४ | ·०७८१ | ४७/६४ | ·७३४३ |
| १३/१६ | ·८१२५ | ७/६४ | ·१०९३ | ४९/६४ | ·७३६३ |
| १५/१६ | ·९३७५ | ९/६४ | ·१४०६ | ५१/६४ | ·७९६८ |
| १/३२ | ·०३१२ | ११/६४ | ·१७१८ | ५३/६४ | ·८५९३ |
| ३/३२ | ·०९३७ | १३/६४ | ·२०३१ | ५५/६४ | ·८५९३ |
| ५/३२ | ·१५६२ | १५/६४ | ·२३४३ | ५७/६४ | ·८९०६ |
| ७/३२ | ·२१८७ | १७/६ | ·२६५५ | ५९/६४ | ·९२१८ |
| ९/३२ | ·२८१२ | १९/६४ | ·२९६८ | ६१/६४ | ·९५३१ |
| ११/३२ | ·३४३७ | २१/६४ | ·३२८७ | ६३/६४ | ·९८४३ |

(६)
क
ख
घ
च
छ
(१)
ग
(२)
६०°
(३)
९०°
(४)
१२०°
(५)

माइ

| इंच में | इन्च में | इंच | |
|---|---|---|---|
| १।८ | ·१२५ | १३।३२ | |
| १।४ | ·२५० | १५।३२ | |
| ३।८ | ·३७५ | १७।३२ | |
| १।२ | ·५०० | १९।३२ | |
| ५।८ | ·६२५ | २१।३२ | |
| ३।४ | ·७५० | २३।३२ | |
| ७।८ | ·८७५० | २५।३२ | · |
| १।१६ | ·०६२५ | २७।३२ | · |
| ३।१६ | ·१८७५ | २९।३२ | ·९ |
| ५।१६ | ·३१२५ | ३१।३२ | ·९ |
| ७।१६ | ·४३७५ | १।६४ | ·०१ |
| ९।१६ | ·५६२५ | ३।६४ | ·०४ |
| ११।१६ | ·६८७५ | ५।६४ | ·०७८ |
| १३।१६ | ·८१२५ | ७।६४ | ·१०९ |
| १५।१६ | ·९३७५ | ९।६४ | ·१४०६ |
| १।३२ | ·०३१२ | ११।६४ | ·१७१८ |
| ३।३२ | ·०९३७ | १३।६४ | ·२०३१ |
| ५।३२ | ·१५६२ | १५।६४ | ·२३४३ |
| ७।३२ | ·२१८७ | १७।६४ | ·२६५५ |
| ९।३२ | ·२८१२ | १९।६४ | ·२९६८ |
| ११।३२ | ·३४३७ | २१।६४ | ·३२८७ |
| . . | . . . | . . . | . . . |

(११)
(१२)
९०°
(१३)
(१४)
(१५)

(१०)

(११)
(१२)
(१३)
(१४)
(१५)
९०°

# ज्यूमेट्रिकल ड्राइंग

*( डिवाइडर द्वारा कोण (एंगिल) बनाने की क्रिया )।*

[ १ ] एक दिये हुये रेखा ( लाइन ) को दो बराबर भागों में बांटने की क्रिया लिखो ?

*क्रिया*—एक क ख रेखा ( लाइन ) खींचा और इसके आधे से अधिक दूरी लेकर तथा क और ख को केन्द्र ( सेन्टर ) मानकर रेखा ( लाइन ) के दोनों तरफ आर्क लगाया जो एक दूसरे को च और छ विन्दु ( प्वाइन्ट ) पर काट दिया। च छ को मिला दिया जो क ख रेखा को य विन्दु ( प्वाइन्ट ) पर काट दिया। अब क ख रेखा के दो बराबर भाग क य और ख य हो गये।

[ २ ] क ख ग कोण ( एंगिल ) को दो बराबर भागों में बाँटो ?

*क्रिया*—ख विन्दु ( प्वाइन्ट ) को केन्द्र ( सेन्टर ) मानकर और डिभाइडर में कुछ दूरी लेकर एक आर्क लगाया जो क ख और ग ख रेखा को य और ह विन्दू पर काट दिया। कुछ दूरी लेकर य और ह को केन्द्र ( सेन्टर ) मानकर आर्क लगाया जो एक दूसरे को च विन्दु ( प्वाइन्ट ) पर काट दिया। च ख मिला दिया। अब क ख ग कोण के ये बराबर भाग क ख च च ख ग हो गये।

[ ३ ] ख ग रेखा ( लाइन ) पर ६०° का कोण ( एंगिल ) बनाओ ?

*क्रिया*—ख को केन्द्र ( सेन्टर ) मानकर और कुछ दूरी लेकर एक आर्क लगाया जो ख ग को छ विन्दु ( प्वाइन्ट ) पर काट दिया। उसी दूरी को लेकर और छ को केन्द्र (सेन्टर) मानकर दूसरा आर्क लगाया जो च विन्दु पर काट दिया। च ख को मिला दिया। अब क ख ग ६०° का कोण बन गया।

[ ४ ] क ख रेखा लाइन ) पर एक ९० अंश ( डिगरी ) का कोण बनाओ ?

*क्रिया*—क को केन्द्र ( सेन्टर ) मानकर और कुछ दूरी लेकर एक आर्क लगाया जो क ख को फ विन्दु ( प्वाइन्ट ) पर काट दिया। उसी दूरी को लेकर और फ को केन्द्र ( सेन्टर ) मानकर आर्क लगाया जो ह विन्दु ( प्वाइन्ट ) पर काट दिया। फिर ह को केन्द्र मानकर उसी दूरी से दूसरा आर्क लगाया जो य विन्दु पर काट दिया। ह और य को केन्द्र ( सेन्टर ) मानकर उसी दूरी से आर्क लगाया जो एक दूसरे को च विन्दु ( प्वाइन्ट पर काट दिया। च क को मिला दिया। अब च क ख नब्बे अंश ( डिगरी ) का कोण ( एंगिल ) बन गया।

[ ५ ] क ख रेखा ( लाइन ) पर १२०° का कोण (एंगिल ) बनाओ ?

क्रिया - क को केन्द्र मानकर और कुछ दूरी लेकर आर्क लगाया।—जो क ख को य विन्दु ( प्वाइन्ट ) पर काट दिया।

फिर उसी दूरीसे य को केन्द्र (सेन्टर) मानकर आर्क लगाया जो फ विन्दु (प्वाइन्ट) पर काट दिया। फ को केन्द्र (सेन्टर) मानकर उसी दूरी से आर्क लगाया जो ह विन्दु प्वाइन्ट पर काट दिया। ह क को मिला दिया। अव ग क ख १२० अंश (डिगरी) का कोण (एंगिल) वन गया।

[ ६ ] ख ग रेखा (लाइन) पर ४५ˊ का कोण वनाओ ?

*क्रिया*—नम्वर ४ के क्रियानुसार ६० अंश (डिगरी) का कोण वनाकर फिर उसे नम्वर दो के क्रियानुसार दो भाग कर दिया। इस तरह क ख ग ४५ अंश (डिगरी) का कोण (एंगिल) वन गया।

[ ७ ] ख ग रेखा पर ७५ˊ का कोण वनाओ ?

*क्रिया*—य ख ग नम्वर चार के क्रियानुसार एक नव्वे अंश (डगरी) का कोण (एंगिल) वनाया कुछ दूरी लेकर च और छ को केन्द्र मानकर आर्क लगाया जो एक दूसरे को क विन्दु (प्वाइन्ट) पर काट दिया। क ख को मिला दिया। क ख ग ७५ अंश (डिगरी) का कोण एंगिल वन गया।

[ ८ ] ख ग रेख पर ३० अंश का कोण वनाओ ?

*क्रिया*—नम्वर तीन के क्रियानुसार ६० अंश (डिगरी) का कोण (एंगिल) वनाकर उसे नम्वर दो के क्रियानुसार दो भाग कर दिया। अव क ख ग ३० अंश (डिगरी) का कोण

[ ६ ] ख ग रेखा पर २२½ अंश का कोण बनाओ ?

*क्रिया*—नम्बर ६ के क्रियानुसार ४५ अंश का कोण बनाया, फिर उसे नम्बर दो के क्रियानुसार दो भाग कर दिया तो अब क ख ग २२½ अंश (डिगरी) का कोण (एंगिल) बन गया।

[ १० ] ख ग रेखा पर १०५ अंश का कोण बनाओ ?

*क्रिया*—नम्बर चार के क्रियानुसार ६० अंश का कोण बनाया फिर उसे च और छ को केन्द्र (सेन्टर) मानकर आर्क लगाया जो एक दूसरे को क विन्दु (प्वाइन्ट) पर काट दिया। क ख को मिला दिया। क ख ग १०५ अंश (डिगरी) का कोण (एंगिल) बन गया।

[ ११ ] क ख रेखा पर १५° का कोण बनाओ ?

*क्रिया*—नम्बर आठ के क्रियानुसार ३०° का कोण बनाकर उसका दो भाग कर दिया। अब क ख ग १५ अंश (डिगरी) का कोण (एंगिल) बन गया।

[ १२ ] वर्ग (स्कायर) किसे कहते हैं और किस प्रकार बनाया जाता है ?

*परिभाषा*—वर्ग (स्कायर) वह चतुर्भुज क्षेत्र है जिसके चारों भुजा (लाइन) आपस में समानान्तर (पैरलल) और बराबर हो तथा प्रत्येक कोण (एंगिल) ६० अंश (डिगरी) का हो।

*क्रिया*—कल्पना किया क ख रेखा पर एक वर्ग (

बनाना है। इस लिये नम्बर चार के क्रियानुसार क ख रेखा (लाइन) पर एक ९० अंश (डिगरी) का कोण (एंगिल) ग क ख बनाया। फिर क ख के बराबर दूरी लेकर क ग में से क ग काट लिया। फिर उतनी ही दूरी को लेकर ग और ख को केन्द्र (सेन्टर) मानकर दो आर्क लगाया जो एक दूसरे को घ बिन्दु (प्वाइन्ट) पर काट दिया। ग घ और ख घ को मिला दिया। अब ग क ख घ एक वर्ग (स्क्वायर) बन गया।

आगे की तरफ बढ़ाया जो एकदूसरे को म बिन्दु पर काट दिया। अब इस काम केन्द्र ( सेन्टर ) हुआ।

[ १५ ] एक ऐसी दूरी ज्ञात करो जिसके सहायता से एक दये हुये रेखा पर जितने भुजा का चाहें उतने का क्षेत्र बना सके।

*क्रिया*—कल्पना किया क ख एक रेखा है क ख की दूरी लेकर क और ख को केन्द्र ( सेन्टर ) मानकर रेखा के दोनों तरफ आर्क लगाया जो एक दूसरे को ह और य बिन्दु (प्वाइन्ट) पर काट दिया। ह य को मिलाते हुए ल तक रेखा को बढ़ा दिया। ल ख के बराबर दूरी लेकर और ल को केन्द्र मान कर आर्क लगाया जो म बिन्दु (प्वाइन्ट) पर काट दिया। फिर म ह का आधा कर दिया। अब न म एक ऐसी दूरी ख्यात हो गई कि, इसके बराबर जितना भी आगे को ऊपर की तरफ बढ़ाता जाय उतने ही भुजा का क्षेत्र बनता जावेगा। जैसे—म को केन्द्र सेन्टर मान कर और म क की दूरी लेकर वृत सरकिल का विभाजन किया तो चार साइड का क्षेत्र बन जायेगा। यदि न को केन्द्र (सेन्टर) मान कर न क की दूरी लेकर सरकिल खींचा और उसे क ख की दूरी लेकर विभाज्य किया तो यह पांच भागों में बट जावेगा। इसी तरह यदि ऊपर की क्रियानुसार यदि ह बिन्दु से किया जावे तो छः भुजा में, र से सात तथा ष बिन्दु (प्वाइन्ट) से आठ साइड में बट जावेगा।

[१६] किसी नट का कोंण (एंगिल) किस प्रकार मालूम किया जाता है। उदाहरण देकर बताओ ?

$$\text{फारमूला=नट का कोंण} = \frac{(\text{भुजा साइड}) \times २-४ \times ९०}{\text{भुजा (साइड) की संख्या}}$$

उदाहरण-कल्पना किया कि एक नट छः साइड का बना है।

$$\text{नट का कोंण} = \frac{(६ \times २-४) \times ९०}{६}$$

$$\text{,,} = \frac{(१२-४) \times ९०}{६}$$

$$\text{,,} = \frac{८ \times ९०}{६}$$

$$\text{,,} = \frac{७२०}{६}$$

$$\text{,,} = १२०^{\circ}$$

---

# मशीन

*( आवश्यक सूचना )*

मशीन पर सर्वदा सावधानी के साथ काम करना चाहिये। क्योंकि मशीन को अक्ल नहीं होती, वह यह नहीं समझती कि मेरे द्वारा ऑपरेटर खतरे में पड़ सकता है। इसलिये मशीन पर काम करते समय अपने कमीज को पैन्ट या पाजामा के अन्दर कर लेना अत्यावश्यक है तथा धोती पहन कर कभी भी मशीन पर काम करने का प्रयत्न न करें।

कार्य्य आरम्भ करने के पूर्व मशीन की अच्छी प्रकार सफाई कर तेल छोड़देना चाहिये जिसके फलस्वरूप मशीन के चलने मे किसी प्रकार का अड़चन न पड़े तत् पश्चात प्रत्येक लीवर [हैन्डल] को चलाफिरा कर देख लेना चाहिये इसके पश्चात काम आरम्भ करना चाहिये। किसी भी कार्य्य में उतावली न करें और न तो मशीन को चलती हुई छोड़ कर कहीं जाने का प्रयत्न करें।

यदि कोई जाब मशीन पर बनाया जा रहा है परन्तु जाब दिनभर में न पूरा होसका और उसे दूसरे दिनमें पूरा करने के ख्याल से जाब को मशीन पर ही बंधा छोड़कर चला जाना पड़ा तो उसे दूसरे दिन आते ही तुरन्त मशीन चालू करने के प्रथम अच्छी प्रकार से जाब तथा मशीन को देख लेना अत्यावश्यक है कि जाब ठीक अपने पहले ही की दशा में ब

है या नहीं क्योंकि अधिकांश व्यक्तियों की कुछ ऐसी बुरी आदत हुआ करती हैं जो की अत्यावश्यक मशीन के हैन्डल वगैरह को इधर उधर चला दिया करते हैं, जिसके फलस्वरूप से जाब की सेटिंग खराब हो जाया करती है।

आपरेन्टिस को अपने आपरेटर के साथ सर्वदा नम्रता का व्यवहार करना चाहिये और प्रति दिन कोई नई बात सीखनेके धेय्य से कुछ न कुछ अवश्य बराबर पूछते रहना चाहिये तथा अपने दिमाग से भी कुछ सोचते रहना चाहिये।

मशीन को चलाना तो मनुष्य एक ही दिन में सीख सकता है परन्तु जाब को ठीक साइज ( नाप ) में बनाना नये जोगाड़ को सोचना तथा हिसाब को ठीक ठीक ज्ञात करना ही मशीन का सबसे बड़ा काम है। मनुष्य जभी काम में उन्नति कर सकता है जबकि वह सर्वदा नई नई बातों को अपने दिमाग में लाता रहे। जितना ही दिमाग से काम लिया जायेगा उतने ही नई नई बातें ज्ञात होती रहेगी। अतः आपरेटर को लकीर का फकीर ही नहीं बना रहना चाहिये। बल्कि उन्हें यह सोचना चाहिये कि यदि यह काम दो घण्टे में बनता है तो मुझे कोई एक ऐसी जोगाड़ निकालना चाहिये जिसके द्वारा यह काम थोड़े समय में आसानी के साथ बन सके और ( साइज नाप ) बिल्कुल सही बने। यदि कठिन से कठिन काम आवे तो भी उससे कभी घबड़ावे नहीं और न तो निराश ही होवें। अपने अन्दर यह विश्वास रखना चाहिये कि जैसा भी काम आवे उसे मैं

# व्ही टूल बनानेका टेबुल

| मैटेरियल | टूल एंगिल | साइड रेक | क्लियरेन्स |
|---|---|---|---|
| माइल स्टील, राट आयरन | ६०° से ६२° | २०° | ६° से १०° |
| मेडियम स्टील | ७०° | १४° | ६° से ८° |
| कास्ट आयरन | ८०° | १०° | ६° से ८° |
| हाई स्टील | ७५° | १२° | ६° |
| हाई कास्ट आयरन | ८५° | ० | ५° |
| ब्रास (पीतल) | ८५° | ० | ५° |

# टूल की स्पीड

| स्पीड | मैटेरियल |
|---|---|
| स्लो स्पीड | कास्ट आयरन |
| मेडियम स्पीड | माइल स्टील, मेडियम स्टील |
| स्पीड | पीतल, तांबा, आलमुनियम |

# टरनिंग (लेद)

(१३)

१ सेन्टर हैन्डल, २ सेन्टर लाक, ३ सेन्टर लाक, ४ सेन्टर, ५ टूल होल्डर, ६ थ्रू चक, ७ पूली, ८ ड्राइवर फस्ट, ९ ड्रिवेन फस्ट, १० ड्राइवर सेकन्ड, ११ ड्रिवेन सेकन्ड, १२ लीडिंग स्क्रू, १३ स्लाइड, १४ लांग फीड, १५ अटोमेटिक।

# थ्रेड ( चूड़ी ) काटने का हिसाब

टर्निंग (लेद) मशीन पर काम आरम्भ करने के पूर्व उसके

उदाहरण—कल्पना किया एक लेद मशीन के लीडिंग स्क्रू के चूड़ियों की संख्या एक इन्च में दो हैं और जाब के एक इन्च में ८ चूड़ी बनाना है।

सम्बन्ध = $\frac{२}{८}$ हुआ।

(२ और ८ को किसी भी बराबर संख्या से गुणा कर दिया जैसे १० से गुणा किया)

$$\frac{२ \times १०}{८ \times १०}$$

$$= \frac{२०}{८०}$$

अब यहाँ पर २० दाँते का ड्राइवर और ८० का ड्रिवेन हुआ

---

# दो गेयर द्वारा चूड़ी काटने की विधि

उदाहरण—एक लेद मशीन के लीडिंगस्क्रू के चूड़ियों की संख्या एक इन्च में दो हैं और जाब के एक इन्च में १० चूड़ी बनाना है तो गेअर निकालो ?

$$\text{सम्बन्ध} = \frac{\text{लीडिंग स्क्रू}}{\text{थ्रेड}}$$

$$,, = \frac{२}{१०}$$

[ दो और दस को एक ही संख्या १० से गुड़ा किया ]

$$\frac{२ \times १०}{१० \times १०}$$

$$= \frac{२०}{१००}$$

२० दाँते का गेयर ड्राइवर हुआ और १०० दाँते का गेयर ड्रिवेन हुआ।

उदाहरण—एक लेद मशीन के लीडिंग स्क्रू की चूड़ी की संख्या एक इन्च में दो है और जाब के एक इन्च में १२ चूड़ी बनाना है तो गेयर निकालो ?

$$\text{सम्बन्ध} = \frac{\text{लीडिंग स्क्रू}}{\text{थ्रेड}}$$

$$,, = \frac{२}{१२}$$

[ २ और १२ को १० से गुणा कर दिया ]

$$\frac{२ \times १०}{१२ \times १०}$$

$$= \frac{२०}{१२०}$$

उत्तर—२० दाँते का ड्राइवर, १२० दाँते का ड्रिवेन।

उदाहरण-एक लेद मशीन के लीडिंगस्क्रू के चूड़ियों की संख्या एक इन्च में २ है और जाब के तीन इन्च में एक चूड़ी बनाना है तो गेयर मालूम करो ?

∵ ३ इन्च में एक चूड़ी है।

$$\therefore १ \;,, \;,, \; \frac{१}{३} \;,, \;,,$$

$$\therefore \text{सम्बन्ध} = \frac{२}{\frac{१}{३}} \text{ हुआ}$$

३

$$= \frac{२}{१} \times \frac{३}{१}$$

$$= \frac{६}{१}$$

[ ६ और १ को पहले ही की तरह २० से गुणा किया ]

$$\therefore \frac{६ \times २०}{१ \times २०}$$

$$= \frac{१२०}{२०}$$

उत्तर—१२० दांते का ड्राइवर, २० दांते का ड्रिवेन।

उदाहरण—एक लेद मशीन के लीडिंगस्क्रू के चूड़ी की संख्या एक इन्च में २ है और जाब के १½ इन्च में एक चूड़ी बनाना है तो गेयर निकालो ?

∵ १½ इन्च में एक चूड़ी है।

१ ,, ,, $\frac{२}{३}$ ,, ,,

$$\text{सम्वन्ध} = \frac{२}{\frac{२}{३}}$$

$$,, = \frac{२}{१} \times \frac{३}{२}$$

$$,, = \frac{६}{२}$$

[ ६ और २ को १० से गुणा कर दिया ]

$$\frac{६ \times १०}{२ \times १०}$$

$$= \frac{६०}{२०}$$

उत्तर—६० दांत का ड्राइवर, २० दांत का ड्रिवेन।

उदाहरण—एक लेद मशीनके लीडिंग स्क्रू के चूड़ियों की संख्या एक इञ्चमें ४ है और आपके एक इञ्चमें १२ चूड़ियां बनाना है तो गेयर निकालो ?

सम्बन्ध=$\frac{४}{१२}$

[ ४ और १२ को ५ से गुणा कर दिया ]

$$\frac{४ \times ५}{१२ \times ५}$$

$$= \frac{२०}{६०}$$

उत्तर—ड्राइवर २०का, ड्रिवेन ६० दांतेका।

उदाहरण—एक इञ्चमें १५ चूड़ी बनानेका गेयर मालूम करो जब कि लीडिंग स्क्रू के चूड़ियों की संख्या एक इञ्चमें ४ है ?

सम्बन्ध=$\frac{४}{१५}$

( ४ और १५ को ५ से गुणा कर दिया।

$$\frac{४ \times ५}{१५ \times ५}$$

$$= \frac{२०}{७५}$$

उत्तर—ड्राइवर २०, ड्रिवेन ७५।

उदाहरण—२½ इञ्चकी एक चूड़ी बनानेका गेयर मालूम करो जब कि लीडिंग स्क्रू के चूड़ियोंकी संख्या एक इञ्चमें ४ है।

∵ २½ इञ्चमें एक चूड़ी है।

∴ १ ,, $\frac{२}{५}$ ,,

सम्बन्ध= $\frac{४}{\frac{२}{५}}$

$=\frac{४}{१} \times \frac{५}{२}$

$=\frac{२०}{२}$

( २० और २ को १० से गुणा कर दिया )

$\frac{२० \times १०}{२ \times १०}$

$=\frac{२००}{२०}$

$\frac{२००}{२०}$ का खंड कर दिया।

$\frac{२० \times १०}{५ \times ४}$

( २०, ५ को ४ से और १०, ४ को १० से गुणा किया )

$\frac{२० \times ४}{५ \times ४}$ और $\frac{१० \times १०}{४ \times १०}$

$\frac{८०}{२०}$ ,, $\frac{१००}{४०}$

उत्तर—ड्राइवर ८०, २० और १००, ४० ड्रिवेन।

उदाहरण—एक लेद मशीनके चूड़ियोंकी सख्या एक इञ्चमें चार है और जाब के १¼ इञ्चमें एक चूड़ी बनाना है तो गेयर मालूम करो ?

∵ १¼ इञ्चमें एक चूड़ी है।

∴ १ „ $\frac{४}{५}$ „

सम्बन्ध=$\frac{\frac{४}{१}}{\frac{४}{५}}$

$=\frac{४}{१}\times\frac{५}{४}$

$=\frac{५}{१}$

( ५ और १ को २० से गुणा कर दिया )

$\frac{५\times२०}{१\times२०}$

$\frac{१००}{२०}$

उत्तर—ड्राइवर १००, ड्रिवेन २० ।

उदाहरण—एक लेद मशीनके लीडिंग स्क्रू के चूड़ियोंकी सख्या एक इञ्चमें ६ है और जाब किएक इञ्चमें १७ चूड़ी बनाता है तो गेयर मालूम करो ?

सम्बन्ध=$\frac{६}{१७}$

( ६ और १७ को ५ से गुणा कर दिया

$\frac{६\times५}{७\times५} = \frac{३०}{८५}$

उत्तर—ड्राइवर ३० ड्रिवेन ८५

उदाहरण—एक इंच में २२ चूड़ो वनाने का गेयर मालुम करो जब कि लीडिंगस्क्रू के चूड़ीयों की संख्या एक इंच में ६ है।

सम्बन्ध= $\frac{६}{२२}$

(६ और २२ को ५ से गुणा कर दिया)

$$\frac{६\times५}{२२\times५}$$

$$=\frac{३०}{१२०}$$

उत्तर—ड्राइवर ३०, ड्रिवेन १२०

उदाहरण—एक लेद मशीन के लीडिंगस्क्रू के चूड़ी की संख्या एक इंच में ६ है और जाब के ३$\frac{१}{२}$ इंच में एक चूड़ी वनाना है तो गेयर मालूम करो ?

३$\frac{१}{२}$ इंच में एक चूड़ी है।

∴ १ " " $\frac{२}{७}$ "

$$\text{सम्बन्ध}=\frac{६}{\frac{२}{७}}$$

$$=\frac{६}{१}\times\frac{७}{२}$$

$$=\frac{४२}{५}$$

(४२ और दो का खण्ड कर दिया)

$$\frac{४२}{२}=\frac{७\times६}{२\times१}$$

(७ और २ को १० से और ६, १ को २० से गुणा किया )

$$\frac{७\times१०}{२\times१०} \text{ और } \frac{६\times२०}{१\times२०}$$

$$\frac{७०}{२०} \quad " \quad \frac{१२०}{२०}$$

उत्तर—ड्राइवर ७०, १२०, ड्रिवेन २०, २०

उदाहरण—एक लेद मशीन के लीडिंगस्क्रू के चूड़ी की संख्या एक इंच में ८ है और जाब के एक इंच में १५ चूड़ी बनाना है तो गेयर मालूम करो।

$$\text{सम्बन्ध} = \frac{८}{१५}$$

( ८ और १५ को ५ से गुणा कर दिया )

$$\frac{८}{१५}\times\frac{५}{५}$$

$$= \frac{४०}{७५}$$

उत्तर—ड्राइवर ४०, ड्रिवेन ७५।

उदाहरण—एक इंच में २३ चूड़ी बनाने का गेयर मालूम करो जबकि लीडिंगस्क्रू के चूड़ियों की संख्या एक इंच मे ८ है।

$$\text{सम्बन्ध} = \frac{८}{२३}$$

( ८, २३ को ५ से गुणा किया )

$$\frac{८}{२३}\times\frac{५}{५}$$

$$= \frac{४०}{११५}$$

उत्तर—ड्राइवर ४०; ड्रिवेन ११५।

उदाहरण—२½ इंच में एक चूड़ी बनाने का गेयर मालूम करो जबकि लीडिंगस्क्रू के चूड़ी की संख्या एक इंच में ८ है।

∵ २½ इंच में एक चूड़ी है।

∴ १ ,, ,, $\frac{२}{५}$

सम्बन्ध= $\frac{८}{\frac{२}{५}}$

$= \frac{८}{१} \times \frac{५}{२}$

$= \frac{४०}{२}$

( $\frac{४०}{२}$ का खंड कर दिया )

$\frac{४०}{२} = \frac{१० \times ४}{२ \times १}$

( १०, २ को २० से और ४, १ को २५ से गुणा किया )

$\frac{१० \times २०}{२ \times २०}$ और $\frac{४ \times २५}{१ \times २५}$

$\frac{१२०}{४०}$ ,, $\frac{१००}{२५}$

उत्तर—१२०, १०० ड्राइवर, ४०, २५ ड्रिवेन।

# चार गेयर द्वारा चूड़ी बनाने की विधि

उदाहरण—एक लेद मशीन के लीडिंग स्क्रू के चूड़ी की संख्या एक इंच में २ है और जाब के एक इंच में १८ चूड़ी बनाना है तो गेयर निकालो।

सम्बन्ध = $\frac{२}{१८}$

( $\frac{२}{१८}$ का खंड कर दिया )

$$\frac{२\times१}{६\times३}$$

(२ और ६ को किसी एक संख्या से और १३ को किसी एक संख्या से गुणा कर देना चाहिये। जैसे—२, ६ को १० से १, [illegible] से गुणा कर दिया।

$$\frac{२ \times १०}{६ \times १०} \text{ और } \frac{१ \times ३०}{३ \times ३०}$$

$$\frac{२०}{६०} \text{ ,, } \frac{३०}{६०}$$

उत्तर—ड्राइवर फर्स्ट २०, ड्रिवेन फर्स्ट ६०, ड्राइवर सेकन्ड ३० और ड्रिवेन सेकन्ड ६० का हुआ।

उदाहरण—एक इंच में लीडिंगस्क्रू के चूड़ी की संख्या २ है और जाव के दो इंच में १ चूड़ी वनाना है तो गेयर वताओ ?

∵ २ इंच में १ चूड़ी वनाना है।

∴ १ ,, ,, ½ ,, ,,

∴ सम्बन्ध ½

$$= \frac{२}{१} \times \frac{२}{१}$$

(२, १ को २० से और २, १ को २५ से गुणा कर दिया।

$$\frac{२ \times २०}{१ \times २०} \text{ और } \frac{२ \times २५}{१ \times २५}$$

[illegible] और [illegible]

सम्बन्ध = $\frac{२}{३}$

$\frac{२}{१}\times\frac{४}{३}$

(२, १ को २० से और ४, ३ को १५ से गुणा किया )

$\frac{२\times२०}{१\times२०}$ और $\frac{४\times१५}{३\times१५}$

$=\frac{४०}{२०}$ ,, $\frac{६०}{४५}$

उत्तर—ड्राइवर फर्स्ट ४०, ड्रिवेन फर्स्ट २०, ड्राइवर सेकन्ड ६० और ड्रिवेन सेकन्ड ४५ हुआ।

उदाहरण—एक इंच में ३५ चूड़ी बनाने का गेयर मालूम करो जब कि लीडिंग स्क्रू के चूड़ी की संख्या एक इञ्च में ४ है ?

सम्बन्ध = $\frac{४}{३५}$

(४, और ३५ का खण्ड कर दिया )

$\frac{४\times१}{७\times५}$

( ४, ७ को १० से और १,५ को २० से गुणा किया )

$\frac{४\times१०}{७\times१०}$ और $\frac{१\times२०}{५\times२०}$

$\frac{४०}{७०}$ ,, $\frac{२०}{१००}$

उत्तर—ड्राइवर फर्स्ट ४०, ड्रिवेन फर्स्ट ७०, ड्रीवेन सेकन्ड १०० ड्राइवर सेकन्ड २० का हुआ।

उदाहरण—$३\frac{२}{३}$ इञ्च में एक चूड़ी बनाने का गेयर मालू...

...स्क्रू के चूड़ी की संख्या एक इञ्च में ५ है।

उत्तर—ड्राइवर फर्स्ट ३०, ड्रिवेन फर्स्ट ६५, ड्राइवर सेकन्ड २५ ड्रिवेन सेकन्ड ५० हुआ।

उदाहरण- $२\frac{३}{४}$ इंच की एक चूड़ी बनाने का गेयर मालूम करो जब कि लीडिंगस्क्रू के चूड़ियों की संख्या एक इंच में ६ है?

∵ $२\frac{३}{४}$ इंच में एक चूड़ी है।

∴ १ ,, ,, $\frac{४}{११}$ ,,

$$सम्बन्ध = \frac{६}{\frac{४}{११}}$$

$$= \frac{६}{१} \times \frac{११}{४}$$

(६, १ को २० से और ११, ४ को ५ से गुणा किया)

$$\frac{६ \times २०}{१ \times २०} \text{ और } \frac{११ \times ५}{४ \times ५}$$

$$\frac{१२०}{२०} \text{ ,, } \frac{५५}{२०}$$

उत्तर--ड्राइवर फर्स्ट १२०, ड्रिवेन फर्स्ट २०, ड्राइवर सेकन्ड ५५, और ड्रिवेन सेकन्ड २० हुआ।

उदाहरण--एक इंच में ४० चूड़ी बनाने का गेयर मालूम करो जब कि लीडिंग स्क्रू के चूड़ियों की संख्या एक इंच में ८ है?

$$सम्बन्ध = \frac{८}{४०}$$

(८ और ४० का खंड करदिया)

$$\frac{२ \times ४}{५ \times ८}$$

(२, ५ को १५ से और ४, ८ को १० से गुणा किया।)

$$\frac{२\times१५}{५\times१५} \text{ और } \frac{४\times१०}{८\times१०}$$

$$\frac{३०}{७५} \;,,\; \frac{४०}{८०}$$

उत्तर—ड्राइवर फर्स्ट ३०, ड्रिवेन फर्स्ट ७५, ड्राइवर सेकण्ड ४० और ड्रिवेन सेकन्ड ८० हुआ।

उदाहरण—२$\frac{५}{८}$ इंच की एक चूड़ी बनाने का गेयर मालूम करो जबकि लीडिंग स्क्रू के चूड़ी की संख्या एक इंच में ८ है?

∵ २$\frac{५}{८}$ इंच में एक चूड़ी है।

∴ $\frac{२१}{८}$ ,, ,, ,,

∴ १ ,, $\frac{८}{२१}$

$$\text{सम्बन्ध} = \frac{८}{\frac{८}{२१}}$$

$$,, = \frac{८}{१}\times\frac{२१}{८}$$

$$,, = \frac{१६८}{८}$$

(१६८ और ८ का खंड कर दिया)

$$\frac{८\times२१}{२\times४}$$

(८, २ को १५ से और २१, ४ को ५ से गुणा किया)

$$\frac{८}{२}\times\frac{१५}{१५} \text{ और } \frac{२१}{४}\times\frac{५}{५}$$

$$\frac{१२०}{३०} \;,,\; \frac{१०५}{२०}$$

उत्तर—ड्राइवर फर्स्ट १२०, ड्रिवेन फर्स्ट ३०, ड्राइवर सेकन्ड १०५ और ड्रिवेन सेकन्ड २० हुआ।

उदाहरण—१[illegible] इंच की एक चूड़ी बनानेके लिये गेयर निकालो जब कि लीडिंगस्क्रू के चूड़ी की संख्या एक इंच में ८ है ?

∵ १[illegible] इंच में एक चूड़ी है।

∴ १ ,, ,, [illegible] ,,

सम्बन्ध=[illegible]

,, =[illegible]×[illegible]

(५६ और ४ का खंड कर दिया )

$\frac{१४\times४}{४\times१}$

(१४, ४ को ५ से और ४,१ को २५ से गुणा किया )

$\frac{१४\times५}{४\times५}$ और $\frac{४\times२५}{१\times२५}$

=[illegible] ,, [illegible]

उत्तर—ड्राइवर फर्स्ट ७०, ड्रिवेन फर्स्ट २०, ड्राइवर सेकन्ड १०० और ड्रिवेन सेकन्ड २५ हुआ।

# चूड़ी (थ्रेड) बनानेका टेबुल

जबकि—

लीडिंगस्क्रू के चूड़ी की संख्या एक इंच में २ है।

| एक इंच में चूड़ी की संख्या | ड्राइवर फर्स्ट | ड्रिवेन फर्स्ट | ड्राइवर सेकंड | ड्रिवेन सेकण्ड | एक इंच में चूड़ी की संख्या | ड्राइवर फर्स्ट | ड्रिवेन फर्स्ट | ड्राइवर सेकंड | ड्रिवेन सेकण्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | ८० | . | . | ४० | २१ | २५ | १०५ | ४० | १०० |
| २ | ४० | . | . | ४० | २२ | २५ | ११० | ४० | १०० |
| ३ | ४० | . | . | ६० | २३ | २५ | ११५ | ४० | १०० |
| ४ | ४० | . | . | ८० | २४ | २५ | १२० | ४० | १०० |
| ५ | ४० | . | . | १०० | २५ | २० | १०० | ३० | ७५ |
| ६ | ४० | . | . | १२० | २६ | २५ | ६५ | २० | १०० |
| ७ | २० | . | . | ७० | २७ | २० | ९० | २५ | ७५ |
| ८ | २० | . | . | ८० | २८ | २० | ७० | २५ | १०० |
| ९ | २० | . | . | ९० | ३० | ३० | ९० | २० | १०० |
| १० | २० | . | . | १०० | ३२ | २० | ८० | २५ | १०० |
| ११ | २० | . | . | ११० | ३४ | २० | ३४ | २० | १२० |
| १२ | २० | . | . | १२० | ३५ | ३० | १०५ | २० | १०० |
| १३ | २५ | ६५ | २० | ५० | ३६ | २० | ९० | २५ | १०० |
| १४ | २० | ७० | ४० | ८० | ३७ | २० | ७४ | २० | १०० |
| १५ | ४० | १०० | २० | ६० | ३८ | २० | ९५ | २५ | १०० |
| १६ | ३० | ९० | २० | ८० | ३९ | २० | ६५ | २० | १२० |
| १७ | २५ | ८० | ४० | १०० | ४० | २० | ८० | २० | १०० |
| १८ | २० | ९० | ४० | १०० | १।४ | ४० | २० | १०० | २५ |
| १९ | २५ | ९५ | ४० | १०० | १।२ | ४० | २० | ५० | २५ |
| २० | २० | ८० | ४० | १०० | ३।४ | १०० | ७५ | ५० | २५ |

# चूड़ी ( थ्रेड ) बनाने का टेबुल

## जबकि—

( लीडिंगस्क्रू के चूड़ी की संख्या एक इञ्च में ६ है )

| एक इञ्चमें चूड़ी की संख्या | ड्राइवर फर्स्ट | ड्रिवन फर्स्ट | ड्राइवर सेकेण्ड | ड्रिवन सेकेण्ड | एक इञ्चमें चूड़ी की संख्या | ड्राइवर फर्स्ट | ड्रिवन फर्स्ट | ड्राइवर सेकेण्ड | ड्रिवन सेकेण्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | १२० | . | . | २० | २१ | ३० | . | . | १०५ |
| २ | ६० | . | . | १२० | २२ | ३० | . | . | ११० |
| ३ | ६० | . | . | ३० | २३ | ३० | . | . | ११५ |
| ४ | ६० | . | . | ४० | २४ | ३० | . | . | १२० |
| ५ | ६० | . | . | ५० | २५ | ३० | २५ | २० | १०० |
| ६ | ६० | ३० | २५ | ५० | २६ | ३० | ६५ | २५ | ५० |
| ७ | ६० | . | . | ७० | २७ | ३० | ४५ | २० | ६० |
| ८ | ६० | . | . | ८० | २८ | ३० | ७० | ५० | १०० |
| ९ | ६० | . | . | ९० | ३० | ३० | ७५ | ५० | १०० |
| १० | ६० | . | . | १०० | ३२ | ३० | ८० | २५ | ५० |
| ११ | ६० | . | . | ११० | ३३ | ३० | ५५ | २० | ६० |
| १२ | ६० | . | . | १२० | ३४ | ३० | ८५ | २५ | ५० |
| १३ | ३० | . | . | ६५ | ३५ | ३० | ३५ | २० | १०० |
| १४ | ३० | . | . | ७० | ३६ | ३० | ९० | २५ | ५० |
| १५ | ३० | . | . | ७५ | ३८ | ३० | ९५ | २५ | ५० |
| १६ | ३० | . | . | ८० | ३९ | ३० | ६५ | २० | ६० |
| १७ | ३० | . | . | ८५ | ४० | ३० | २० | २५ | १०० |
| १८ | ३० | . | . | ९० | १/४ | १२० | २० | १०० | २५ |
| १९ | ३० | . | . | ९५ | १/२ | १२० | २० | ५० | २५ |
|  | ३० |  |  | १०० | ३/४ | १२० | २० | १०० | ७५ |

# चूड़ी ( थ्रेड ) बनाने का टेबुल

जबकि—

( लीडिंग स्क्रू के चूड़ी की संख्या एक इंच में ८ है )

| एक इंच में चूड़ी की संख्या | ड्राइवर फर्स्ट | ड्रिवेन फर्स्ट | ड्राइवर सेकेण्ड | ड्रिवेन सेकेण्ड | एक इंच में चूड़ी की संख्या | ड्राइवर फर्स्ट | ड्रिवेन फर्स्ट | ड्राइवर सेकेण्ड | ड्रिवेन सेकेण्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | १०० | २५ | ६० | ३० | २१ | ४० | . | . | १०५ |
| २ | ८० | . | . | २० | २२ | ४० | . | . | ११० |
| ३ | ८० | . | . | ३० | २३ | ४० | | . | ११५ |
| ४ | ८० | . | . | ४० | २४ | ४० | . | . | १२० |
| ५ | ८० | . | . | ५० | २५ | ४० | ४० | ३० | ७५ |
| ६ | ८० | . | . | ६० | २६ | ४० | ६५ | ५० | १०० |
| ७ | ८० | . | . | ७० | २७ | ८० | ९० | २० | ६० |
| ८ | ८० | ४० | ३० | ६० | २८ | ४० | ७० | ५० | १०० |
| ९ | ८० | . | . | ९० | ३० | ४० | ७० | ५० | १०० |
| १० | ८० | . | . | १०० | ३२ | ४० | ८० | ५० | १०० |
| ११ | ८० | . | . | ११० | ३३ | ८० | ११० | २५ | ७५ |
| १२ | ८० | . | . | १२० | ३४ | ४० | ८५ | ५० | १०० |
| १३ | ४० | . | . | ६५ | ३५ | ४० | ७० | २० | ५० |
| १४ | ४० | . | . | ७० | ३६ | ४० | ९० | ५० | १०० |
| १५ | ४० | . | . | ७५ | ३८ | ४० | ९५ | ५० | १०० |
| १६ | ४० | . | . | ८० | ४० | ४० | ८० | ३० | ७५ |
| १७ | ४० | . | . | ८५ | [illegible] | ८० | २५ | १०० | २० |
| १८ | ४० | . | . | ९० | [illegible] | ८० | ३० | १०० | |
| २० | | . | . | १०० | [illegible] | ८० | ५० | १०० | |
| | | | | | . | . | . | | |

# टेपर जाब का हिसाब

उदाहरण—एक टेपर जाब का बड़ा डाइमेटर $\frac{७}{८}$ इंच, छोटा डाइमेटर $\frac{५}{८}$ इंच और जाब की लम्बाई ३$\frac{१}{४}$ इंच है तो बताओ कि एक फुट में कितना टेपर होगा।

(२६)

$$\text{एक इंच का टेपर} = \frac{\text{बड़ा डाइमेटर—छोटा डाइमेटर}}{\text{जाब की लम्बाई इंच में}}$$

$$,, = \frac{\frac{७}{८}-\frac{५}{८}}{३\frac{१}{४}}$$

$$,, = \frac{\frac{१}{४}}{३\frac{१}{४}}$$

$$,, = \frac{१}{४}\times\frac{४}{१३}$$

$$,, = \frac{१}{१३}$$

∴ एक इंच में टेपर $\frac{१}{१३}$ इंच है।

∴ १२ ,, ,, $\frac{१२}{१३}$ ,,

= .९२३ इंच

उदाहरण--एक टेपर जाब की लम्बाई निकालो जब कि बड़ा डाइमेटर $\frac{१}{२}$ इंच, छोटा डाइमेटर $\frac{१}{४}$ इंच और एक फुट में $\frac{१२}{१३}$ इंच टेपर है ?

$$\text{टेपर की लम्बाई} = \frac{\text{बड़ा डाइमेटर} - \text{छोटा डाइमेटर}}{\text{टेपर एक फुट में} \div १२}$$

$$,, = \frac{\frac{१}{२} - \frac{१}{४}}{\frac{१२}{१३} \div १२}$$

$$,, = \frac{\frac{१}{४}}{\frac{१२}{१३} \times \frac{१}{१२}}$$

$$,, = \frac{\frac{१}{४}}{\frac{१}{१३}}$$

$$,, = \frac{१}{४} \times \frac{१३}{१}$$

$$,, = \frac{१३}{४}$$

$$,, = ३\tfrac{१}{४} \text{ इंच}$$

उदाहरण—एक टेपर जाब का छोटा डाइमेटर मालूम करो जब कि बड़ा डाइमेटर $\frac{१}{२}$ इंच, जाब की लम्बाई $३\frac{१}{४}$ इंच और एक फुट में $\frac{१२}{१३}$ इंच टेपर है ?

$$\text{छोटाडाइमेटर} = \text{बड़ाडाइमेटर} - \left(\frac{\text{एक फुटका टेपर} \times \text{जाब की लम्बाई}}{१२}\right)$$

$$,, = \frac{१}{२} - \left(\frac{\frac{१२}{१३}}{१२} \times \frac{१३}{४}\right)$$

$$,, = \frac{१}{२} - \left(\frac{१२}{१३} \times \frac{१}{१२} \times \frac{१३}{४}\right)$$

$$,, = \frac{१}{२} - \frac{१}{४}$$

$$,, = \frac{१}{४} \text{ इंच}$$

उदाहरण--एक टेपर जाव का बड़ा डाइमेटर ५ इंच, छोटा डाइमेटर ३ इंच और जाव की लम्बाई १० इन्च है तो बताओ टूल को कितने एंगिल (कोंण) में बांधा जावेगा ?

## फारमूला

$$\text{टेन्जन्ट} = \frac{\text{बड़ा डाइमेटर} - \text{छोटा डाइमेटर}}{\text{जाव की लम्बाई इंच में} \times २}$$

$$,, = \frac{५ - ३}{१० \times २}$$

$$,, = \frac{२}{२०}$$

$$,, = .१ \text{ इंच}$$

(.१ को नेचुरल टेन्ज़न्ट में देखने से मालूम हुआ कि .१ बरावर है ५$\frac{3}{4}$ अंश ( डिगरी के)

---

नोट—हेयर जाव का एंगिल मालूम करने के लिये नेचुरल टेन्जन्ट का टेवुल देख लेना चाहिये जो मीलिंग के हिसाव में दिया ... है।

# विद वर्द स्टेन्डर्डस्क्रू बोल्ट और नट

| बोल्ट का डायमेटर इंच में | एक इंच में चूड़ी की संख्या | हेक्सागनल हैड और नट (इंच में) | बोल्ट का डायमेटर इंच में | एक इंच में चूड़ी की संख्या | हेक्सागनल हैड और नट(इंच में) |
|---|---|---|---|---|---|
| १।८ | ४० | . | १¾ | ५ | २.७६० |
| १।४ | २० | .५२५ | २ | ४½ | ३.१५० |
| ५।१६ | १८ | .६०० | २⅛ | ४½ | ३.३४० |
| ३।८ | १६ | .७१० | २¼ | ४ | ३.५५० |
| ७।१६ | १४ | .८२० | २⅜ | ४ | ३.७५० |
| १।२ | १२ | .९२० | २½ | ४ | ३.८६० |
| ९।१६ | १२ | १.०१० | २⅝ | ४ | ४.०५० |
| ५।८ | ११ | १.१०० | २¾ | ३½ | ४.१८० |
| ३।४ | १० | १.३०० | ३ | ३½ | ४.५३० |
| ७।८ | ९ | १.४८० | ३¼ | ३¼ | ४.८५० |
| १ | ८ | १.६७० | ३½ | ३¼ | ५.१८० |
| १⅛ | ७ | १.८६० | ३¾ | ३ | ५.५५० |
| १¼ | ७ | २.०५० | ४ | ३ | ५.९५० |
| १⅜ | ६ | २.२२० | ४¼ | २⅞ | ६.३८० |
| १½ | ६ | २.४१० | ४½ | २⅞ | ६.८२० |
| १⅝ | ५ | २.५८० | ४¾ | २¾ | ७.३०० |

# बोल्ट और नट

| बोल्ट का डाइमेटर इञ्चमें | नटका साइज फ्लाट से फ्लाट तक (इञ्च में) | बोल्ट का डाइमेटर इञ्च में | नट का साइज फ्लाट से फ्लाट तक इञ्च में |
|---|---|---|---|
| १।२ | ७।८ | १ १/८ | २ १/४ |
| १।८ | १ १/८ | १ १/४ | २ ७/१६ |
| ३।४ | १ १/४ | १ ३/८ | २ ३/८ |
| ७।८ | १ ७/१६ | १ १/२ | २ १३/१६ |
| १ | १ ५/८ | २ | ३ १/८ |
| १ १/८ | १ १३/१६ | २ १/४ | ३ १/२ |
| १ १/४ | २ | २ १/२ | ३ ७/८ |
| १ ३/८ | २ ३/१६ | २ ३/४ | ४ १/४ |

# पाइप की चूड़ी (थ्रेड)

| पाइप का डाइमेटर इञ्च में | एक इञ्चमें चूड़ी की संख्या | पाइपका डाइमेटर इञ्च में | एक इञ्च में चूड़ी संख्या |
|---|---|---|---|
| १।४ | १६ | १ | ११ |
| ३।८ | १६ | १ से ६ तक | ११ |
| १।२ | १४ | ७ से १२ तक | ११ |
| ३।४ | १४ | . . | . |

# व्ही थ्रेड (चूड़ी) की गहराई का हिसाब

उदाहरण-एक जाबके एक इंच में ८चूड़ी बनाना है तो गहराई कितनी होगी बताओ ?

फारमूला--

$$\text{चूड़ी की गहराई} = \frac{१.२८}{\text{एक इंच में चूड़ी की संख्या}}$$

$$,, \quad = \frac{१.२८}{८}$$

$$,, \quad = .१६०$$

उत्तर—.१६० इंच गहराई।

उदाहरण—एक इंच में १५ चूड़ी बनाना है तो गहराई कितनी होगी ?

$$\text{चूड़ी की गहराई} = \frac{१.२८}{१५}$$

,, = १५)१.२८(.०८५३

१२०

८०

७५

५०

४५

५

उत्तर—.०८५३ इंच गहराई।

# कई मुँह की चूड़ी बनाने का हिसाब

—o—

एक इंच में जितनी भी चूड़ी बनाना हो उस के लिये हिसाब से ऐसा गेयर निकालना चाहिये जिससे ड्रावरके दांते उतने भागों में बटजावे जितने मुँह की चूड़ी बनाना हो।

जैसे कल्पना किया चार मुह की चूड़ी बनाना है और चूड़ियों की संख्या एक इंच में पांच है। अब यहां पर पांच चूड़ी बनाने के लिये गेयर निकाला तो ८० का ड्राइवर और १०० का ड्रिवेन हुआ। चूंकि चार मुँह की चूड़ी बनाना है इसलिये ८० में ४ का भागदिया तो २० आया अब ड्राइवर पर २० दांतें छोड़ कर खड़िया से चार जगह निशान लगाया। इसी तरह ड्रिवेन में भी ४ जगह निसान लगाया पश्चात ड्राइवर और ड्रिवेन के निशान को एक जगह मिला दिया और फिर चूड़ी काटा तो एक मुंह की चूड़ी बन गई। पश्चात मशीन को बन्द कर देवें और थ्रेड कलच को उसी जगह लगा रहने देवे। हाथ से बेल्ट को चलाकर ड्राइवर और ड्रिवेन के दूसरे निशान को मिला दिया फिर मशीन चालू कर के चूड़ी बनाया तो दो मुँह की चूड़ी बन जावेगी। इसी तरह तीसरे फिर चौथे निशान को मिला दिया और चूड़ी बनाया तो चार मुँह की चूड़ी तैयार हो गई।

(१७)
३
२
४
१
ड्राइवर
१
२
४
३
ड्रिवेन

# यूनिवर्शल मीलिंग

(१८)

## गेयर का भाग

१ लर पिच्, २ पिचसर्किल, ३ रूटसर्किल, ४ टिप सर्किल, ५ अडेन्डम, ६ डिडेन्डम, ७ क्लियरेन्स।

## गेयरों के नाम

